<u>समाचार</u>

# राजस्व मंत्री करेंगे विकास कार्यो का भूमिपूजन

कोरबा 22 जून 2021 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 23 जून 2021 को सायं 5.30 बजे वार्ड क्र. 18 में विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमेनगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। निगम द्वारा वार्ड क्र. 18 ढेगुरनाला चेकपोस्ट के पास स्वीकृति राशि 20 लाख रूपये की लागत से साहू समाज के सामुदायिक भवन का निर्माण एवं वार्ड क्र. 18 ढेगुरनाला गणीनाथ मंदिर के पास स्वीकृति राशि 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना हैं, इन दोनों विकास कार्यो का भूमिपूजन राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के करकमलों से सम्पन्न होगा।